हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुकवार, 20 फरवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

गांव में बनाया राखड़ पहाड़, पर्यावरण मंडल ने आरकेएम पर ठोका जुर्माना
4



## खबर संक्षेप

### 25 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कल से

**जांजगीर-चांपा।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के निर्देशन में जिला मुख्यालय जांजगीर के शारदा मंदिर परिसर में 25 दिवसीय योग शिविर सशुल्क सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 फरवरी से 17 मार्च तक आयोजित है। जिला महिला प्रभारी श्रीमती मनीषा गोपाल,जिला महामंत्री श्रीमती चमेली साहू ने 25 दिवसीय विशेष योग शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि महिला पतंजलि योग समिति एम. पी. वाय. एस. जांजगीर द्वारा पुनः नया 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर फरवरी माह में प्रारंभ हो रहा है। यह प्रशिक्षण ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों मोड में संचालित होगा। शिविर में रोगानुसार योग के विशेष सत्र लिए जाएंगे जैसे मोटापा, कमर दर्द, घुटना दर्द, बी पी, शुगर ,थायराइड ,हार्ट अटैक से बचाव आदि विभिन्न बीमारियों का योग के माध्यम से बचाव की जानकारी दी जावेगी। शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के लिए शुल्क राशि रुपए 1100 है और यदि पाठ्य सामग्री, पुस्तक आदि लेना चाहे तो कुल सहयोग राशि 1500 रुपए है। प्रशिक्षण पश्चात पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का योग शिक्षक का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक दिवस प्रातः 5.30 से 7 तक योग प्राणायाम व शाम 6 बजे से 7 बजे तक व्याख्यान होगा।

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक 24 को

**सक्ती।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सक्ती के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### आकस्मिक मृत्यु : 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत ग्राम पासीद निवासी भूमिका राठौर को जहरीला सर्प काटने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पिता शिव प्रसाद राठौर पिता फूलसिंह राठौर को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत हाईस्कूल में परीक्षा के दिए टिप्स

**जांजगीर-चांपा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के क्रियान्वयन हेतु "शिक्षा ही सुरक्षा" के थीम पर हाई स्कूल भवरेली, बम्हनीडीह में जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को कैंसर रोग के प्रति जागरूक करना तथा वार्षिक परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास एवं तनाव मुक्त अध्ययन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार के साथ बालिकाओं में कैंसर रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। कार्यक्रम में छात्राओं को कैंसर के शुरुआती लक्षण, स्वस्थ जीवनशैली, पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम, नशीले पदार्थों से बचाव, मासिक धर्म स्वच्छता एवं निवारक देखभाल की जानकारी दी। साथ ही आत्म-सम्मान, आत्म-सुरक्षा और 12वीं के बाद रुचि अनुसार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इसके साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

---

जांजगीर समेत पांच जिलों में 7 वारदातों को दिया था अंजाम

# अंतरराज्यीय लूट गिरोह का पर्दाफाश बिहार के दो आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंतरराज्यीय लूट और उठाईगिरी गिरोह का जांजगीर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। बिहार राज्य के कटिहार के आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। गिरोह ने छत्तीसगढ के 5 जिलों में 7 वारदात को अंजाम देकर 9 लाख 83 हजार की लूट और उठाईगिरी की थी। गिरोह के 4 सदस्यों में से 2 को बिलासपुर से पकड़ा गया है। वहीं अभी भी 2 सदस्य फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है।

शिवरीनारायण क्षेत्र के धरदेई में हुई ढाई लाख की लूट की जांच में जुटी जांजगीर चाम्पा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरराज्यीय लूट और उठाईगिरी गिरोह को पकड़ा है। धरदेई में 13 फरवरी को किसान से बाइक सवार लुटेरे नकदी ढाई लाख रुपए लेकर फरार हो गए थे। आरोपियों की धरपकड़ के लिए कई टीम बनाई गई। सायबर टीम द्वारा घटनास्थल से लगे सीसीटीव्ही आरोपियों के भागने के संभावित सभी रास्तों का बारीकी से अवलोकन किया गया। एक संदिग्ध बाइक घटना स्थल से निकलकर जांजगीर की ओर जाती दिखी। संदिग्ध बाइक का पता लगाने जांजगीर से बिलासपुर के मध्य लगे लगभग 150 से अधिक सीसीटव्ही फूटेज को चेक किए गए। इस दौरान संदेही का बिलासपुर तक आने जाने का पता चला।

## सीसीटीवी फुटेज खंगालते बिलासपुर में पुलिस ने दबोचा



प्रेस कान्फ्रेंस में जानकारी देते एसपी एवं पीछे पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी बिहार राज्य के होने की जानकारी प्राप्त हुई। जांजगीर साइबर थाना टीम द्वारा बिलासुपर के होटल लाज धर्मशाला को चेक करने पर बिलासपुर पुराना बस स्टैण्ड के पास एक लाज में बिहार के रहने वाले लड़कों के ठहरने की जानकारी मिली। जानकारी पुख्ता करने सायबर टीम के द्वारा लाज के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का बारिकी से निरीक्षण किया गया। इस दौरान घटना में प्रयुक्त बाइक जिला अस्पताल बिलासपुर में खड़ी मिली। उसके बाद पुलिस टीम द्वारा लाज में ग्राहक बनकर कमरा देखने के बहाने चेक करने पर दो युवक लाज के एक कमरे में रूके मिले। दोनों को पकडकर पूछताछ करने पर पहले तो टालमटोल करने लगे लेकिन कडाई से पूछताछ करने पर 13 फरवरी को ग्राम धरदेई में लूट करना स्वीकार किया। पुलिस की पकड़ में आए दोनों आरोपियों ने छत्तीसगढ के रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर, सारंगढ, जांजगीर चाम्पा जिले में 7 वारदात करना कबूल किया। इन प्रकरण में गिरोह ने कुल 9 लाख 83 हजार की लूट एवं उठाईगिरी की है। गिरोह बिहार के कटिहार का है। गिरोह के 4 सदस्य में से 2 पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। जबकि सरगना समेत एक अन्य सदस्य फरार हैं। पुलिस ने नया टोला जोराबगंज थाना कोढ़ा जिला कटिहार बिहार निवासी 36 वर्षीय दीपक यादव पिता जीवन यादव और 28 वर्षीय अविनाश उर्फ सनी कुमार यादव पिता रणधीत यादव को गिरफ्तार किया है।

### चोरी की बाइक से देते थे वारदात को अंजाम

गिरोह के सदस्य शातिर बदमाश हैं। आरोपियों के खिलाफ बिहार में भी कई केस दर्ज हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से दो बाइक बरामद की गई है। ये बाइक भी बिहार से चोरी की गई थी और नंबर प्लेट बदल दिया गया था। बाइक में छत्तीसगढ़ पासिंग का फर्जी नंबर प्लेट लगा दिया गया था। इसी बाइक का उपयोग वारदात को अंजाम देने के लिए किया जाता था। आरोपियों के कब्जे से 10 हजार 500 रुपए नकदी के आलावा 3 कीपैड मोबाईल फोन और 4 नग फर्जी आधार कार्ड मिला है। इसी फर्जी आधार कार्ड के आधार पर आरोपी बिलासपुर के लॉज में ठहरे थे।

### बुजुर्ग और महिलाओं को बनाते थे शिकार

गिरोह द्वारा बैंकों के आसपास रैकी की जाती थी। बैंक में रकम निकालने आए लोगों पर गिरोह के सदस्य नजर रखते थे। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि बैंक में अधिक रकम निकालने आए बुजुर्ग और महिला को टारगेट करते थे। बैंक से पैसा लेकर जाने के दौरान पीछा कर मौका देखकर रास्ते में ही रकम लूट कर भाग जाते थे। आरोपियों ने 4 दिसंबर 2025 को अंबिकापुर कोतवाली जिला सरगुजा से 2 लाख रुपए , 16 दिसंबर को 2025 को जिला रायगढ थाना खरसिया क्षेत्र में 1 लाख रुपए , 12 जनवरी 2026 को रायगढ थाना खरसिया क्षेत्र से 2 लाख रुपए , 13 जनवरी 2026 को थाना सारंगढ जिला सांरगढ बिलाईगढ क्षेत्र से 60 हजार रुपए, 16 जनवरी 2026 को थाना गांधी नगर अंबिकापुर जिला सरगुजा से 88 हजार रुपए, 13 फरवरी 2026 को जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत धरदेई में 2 लाख 50 हजार रुपए और 16 फरवरी 2026 को जिला कोरबा थाना कटघोरा क्षेत्र में 85 हजार की लूट करना स्वीकार किया।

---

# जिले के 75 केंद्रों में बोर्ड परीक्षा आज से

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का दौर आज से प्रारंभ हो रहा है। पहले दिन शुक्रवार 20 फरवरी को बारहवीं बोर्ड की परीक्षा होगी। इसके बाद 10 वीं की परीक्षा में 14 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। वही एग्जाम को लेकर जिले में 75 केंद्र बनाए गए हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा हर साल 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाती है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दसवीं बोर्ड परीक्षा में इस साल 14 हजार 210 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 12 हजार 520 छात्र शामिल होंगे। 12वीं बोर्ड परीक्षा शुक्रवार 20 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। दोनों बोर्ड परीक्षा में करीब 26 हजार 730 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे, वहीं एग्जाम को लेकर जांजगीर चांपा जिले में 75 केंद्र भी बनाएं गए हैं। बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रमुख रूप से हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भौतिक, रसायन जीव विज्ञान, कला एवं कॉमर्स से जुड़े प्रमुख विषयों की परीक्षा आयोजित की जाती है। बोर्ड परीक्षा इस बार शुक्रवार 20 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। फरवरी महीने के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ होती है मार्च महीने के आखिरी सप्ताह तक चलता है। बोर्ड परीक्षा को लेकर केंद्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था एवं टेबल एवं बेंच की समुचित व्यवस्था भी की गई है। जिला मुख्यालय में अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं जिले अन्य अनुविभाग मुख्यालय की तहसील में अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा अनुविभाग मुख्यालय से भिन्न तहसील में तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा दी जाएगी, लेकिन यह अनुमति किसी भी परिस्थितियों में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे के बीच की अवधि के लिए नही दी जा सकेगी। बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा का कहना है कि 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी हो चुकी है। इस साल 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे, वहीं इसके लिए करीब 75 केंद्र भी बनाए गए हैं।

### पुलिस ने की कार्रवाईः शराब, गांजा और मोबाइल जब्त

**रायगढ़।** पुलिस ने शराब, गांजा, वाहन, मोबाइल समेत अन्य सामान जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कोतवाली और चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करते 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सिटी कोतवाली और चक्रधरनगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वाले लोगों कें खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। कोतवाली पुलिस ने सर्किट हाउस तिराहा, बडेरामपुर रोड और रामपुर तिराहा के पास रोहित साहू, रजनीश पटेल और सूरज यादव को खुलेआम शराब सेवन करते पकड़ा।

---

# दो आरा मिल में दबिश, 992 नग अर्जुन प्रजाति की लकड़ी जब्त



राईस मिल का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जैजैपुर क्षेत्र के ग्राम तुषार में वन विभाग की टीम ने दबिश देकर दो आरा मिलों से 992 नग अवैध रूप से रखे अर्जुन प्रजाति के लड़कियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। जिसका कुल आयतन 206 घन मीटर से अधिक आंका गया है।

वन परिक्षेत्र सक्ती अंतर्गत अवैध लकड़ी भण्डारण के विरुद्ध वन विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही करते हुए दो आरा मशीनों पर छापामार कार्यवाही की गई। यह कार्रवाई ग्राम तुषार एवं जैजैपुर क्षेत्र में संचालित आरा मशीनों में की गई, जहां बड़ी मात्रा में अर्जुन प्रजाति की लकड़ी अवैध रूप से भण्डारित पाई गई। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तुषार में संचालित श्री राम टिम्बर आरा मशीन की जांच के दौरान परिसर में 462 नग अर्जुन प्रजाति के लठ्ठे पाए गए, जिनका कुल आयतन 97.200 घन मीटर आंका गया। इसके साथ ही मौके से2 नग बैंड सॉ मशीन भी जब्त की गईं। इसी प्रकार जैजैपुर में संचालित जी.आर. आरा मशीन में निरीक्षण के दौरान 530 नग अर्जुन प्रजाति के लठ्ठे पाए गए, जिनका कुल आयतन 109.192 घन मीटर मापा गया। यहां से 1 नग बैंड सॉ मशीन भी जब्त की गई। वन अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिक जांच में लकड़ी के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके चलते अवैध भण्डारण की आशंका के आधार पर जब्ती की कार्रवाई की गई। अवैध लकड़ी को जप्त किया गया है। ग्राम तुषार एवं जैजैपुर क्षेत्र में संचालित आरा मशीनों में अर्जुन प्रजाति की लकड़ी अवैध रूप से भण्डारित पाई गई। वन विभाग द्वारा प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

---

# केरा सरपंच के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज, पुलिस कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत केरा के सरपंच के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने महिला को जम्मू में डरा धमकाया और अनाचार किया। वहां से डायरी आने के बाद पुलिस ने कायमी की है। खास बात यह है कि आरोपी सरपंच नवागढ़ थाने का आदतन गुंडा बदमाश भी है। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम केरा निवासी एवं सरपंच आरोपी संतोष कोसले द्वारा एक महिला को जबरन डरा धमका कर अनाचार किया। बताया जाता है कि वह महिला को जम्मू ले गया था, जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके चंगुल से निकली पीड़िता ने इस घटना की सूचना जम्मू से नगरोटा थाने में दर्ज कराई, जिस पर थाना नगरोटा में शून्य पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना नगरोटा जम्मू से मूल डायरी थाना नवागढ़ पुलिस ने अपराध क्रमांक 56/26 धारा 64,351 (3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रकरण का आरोपी संतोष कोसले वर्तमान में ग्राम पंचायत केरा का सरपंच है और वह नवागढ़ थाना का आदतन गुंडा बदमाश भी है। अपराध दर्ज होने के बाद उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस पतासाजी कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की खोजबीन हर स्तर पर की जा रही है। मिलने पर शीघ्र वैधानिक कार्यवाही कर गिरफ्तारी कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप का कहना है कि जम्मू से डायरी आने के बाद दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। तलाश की जा रही है। शीघ्र गिरफ्तारी होगी।

### पुलिस के पहुंचने के पहले हुआ फरार

नवागढ़ थाना के आदतन गुंडा बदमाश एवं केरा के सरपंच संतोष कोसले के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करने में विलंब व उसकी फरारी को लेकर नवागढ़ पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठने लगे है। पुलिस की ही सूत्रों की माने तो आरोपी को जिम्मेदार थाना अधिकारी को संरक्षण मिलता रहा है। जिसके कारण ना केवल कायमी में लेटलतीफी हुई , बल्कि उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। बताया जाता है कि मामला दर्ज होने के बाद आरोपी खुलेआम घुमता रहा। शादी समारोह में शरीक हुआ। पंचायत में बैठक भी ली। इसके बाद पुलिस के पहुंचने से पहले वह फरार हो गया। बहरहाल पुलिस अपने ढर्रे पर उसकी तलाश कर रही है।

---

## पीडीएस चावल की अवैध बिक्री का गंभीर मामला, वीडियो वायरल

**चांपा।** शहर के वार्ड क्रमांक 21 में गरीबों के लिए आवंटित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के चावल की अवैध बिक्री का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

आरोप है कि राशन दुकान से चावल की बोरियां उठाकर पिकअप वाहन में लोड की जा रही थीं, ताकि उन्हें खुले बाजार में बेच दिया जाए। इस पूरे घटनाक्रम की तस्वीरें और वीडियो सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। तस्वीरों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि किस तरह पीडीएस दुकान से चावल की बोरियां बाहर निकालकर एक पिकअप वाहन में रखी जा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह चावल शासन द्वारा गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए भेजा गया था, लेकिन दुकानदार द्वारा खुले बाजार में बेचने की तैयारी की जा रही थी। नाबालिग से बायोमेट्रिक प्रक्रिया कराना न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है( इस संबंध में चांपा एसडीएम पवन कोसमा का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी, यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक से समग्र शिक्षक फेडरेशन ने की कर्मचारी भवन के लिए भूमि की मांग

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा वर्ष 2026 का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने विधायक के समक्ष कर्मचारी भवन के निर्माण हेतु उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मचारी भवन बनने से शिक्षकों एवं कर्मचारियों की बैठक, प्रशिक्षण एवं संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन में सुविधा होगी।विधायक व्यास कश्यप ने संगठन की मांगों पर आश्वासन देते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

---

नरियरा नपं के सीएमओ से सप्ताह भर के भीतर जानकारी उपलब्ध कराने रखी मांग

# विकास कार्यों को लेकर नगर पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पंचायत नरियरा में विकास के मुद्दे को लेकर पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने सख्त रुख अपनाते हुए मामले को गंभीरता से उठाया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर आय-व्यय विवरण एवं विकास कार्यों से संबंधित अभिलेखों की जानकारी एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने की मांग की है।



सीएमओ को आवेदन सौंपते जनप्रतिनिधि।

नगर पंचायत नरियरा के पार्षदों में नाराजगी देखी जा रही है। वित्तीय पारदर्शिता एवं विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए मामले को पार्षदों ने गंभीरता से उठाया है। नगर पंचायत के निर्वाचित पार्षदों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को विधिवत आवेदन प्रस्तुत कर आय-व्यय विवरण एवं विकास कार्यों से संबंधित अभिलेखों की जानकारी तत्काल एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने तथा विशेष परिषद बैठक आहूत करने की मांग की गई है। पार्षदों का कहना है कि विगत एक वर्ष से लगातार नगर पंचायत के वित्तीय लेन-देन, भुगतान विवरण, बजट स्वीकृति, निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जानकारी मांगी जा रही है, किन्तु अब तक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसी विषय को लेकर नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रीति सत्येंद्र दुबे के नेतृत्व में विशेष परिषद बैठक आहूत कर समस्त वित्तीय दस्तावेज परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने, विकास कार्यों की समीक्षा करने तथा जनता के धन के उपयोग की स्पष्ट जानकारी देने की मांग की गई है। पार्षदों ने कहा कि परिषद की बैठक ही वह वैधानिक मंच है जहां सभी विषयों पर खुलकर चर्चा कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जा सकती है। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र विशेष बैठक आयोजित कर आवश्यक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तो वे उच्च प्रशासनिक अधिकारियों एवं शासन स्तर पर शिकायत दर्ज कराने सहित वैधानिक एवं लोकतांत्रिक माध्यमों से आगे की कार्यवाही करेंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत सभापति अजय ध्रुव बरेठ, भवानी सिंह, पार्षद सुशांत बंजारे, दिलचंद बंजारे, शशि महंत, सविता हरप्रसाद यादव, राकेश साव व अन्य पार्षद उपस्थित थे।

---

# किसान से दिनदहाड़े 40 हजार की उठाईगीरी, आरोपी का नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला सहकारी बैंक जैजैपुर से 40 हजार रुपए निकालकर ले जा रहा किसान उठाईगिरी का शिकार हो गया। पुलिस अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

ज्ञात हो कि पीड़ित के अनुसार 18 फरवरी को सुबह लगभग 11 बजे वह अपने घर ग्राम ओड़ेकेरा से बाइक से जैजैपुर पहुंचा। दोपहर करीब 2 बजे बैंक से राशि निकालकर उसने नकद 40 हजार रुपए एवं पासबुक को एक छोटे थैले में रख लिया और घर लौटने लगा। घर लौटते समय वह जैजैपुर स्थित भगतः राम पेट्रोल पंप पर रुका। उसने अपनी मोटरसाइकिल को पंप के दो मशीनों के बीच खड़ा किया और रुपए से भरा थैला वाहन के हैंडल में लटका दिया। इसी दौरान वह अलग से लाए डिब्बे में पेट्रोल भरवा रहा था। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक मौके पर पहुंचे और वाहन के हैंडल में लटका थैला लेकर फरार हो गए। पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी ने आरोपियों को थैला ले जाते देखा और तुरंत किसान को इसकी जानकारी दी। जब तक किसान वाहन के पास पहुंचता तब तक आरोपी मौके से भाग चुके थे। देर शाम तक जैजैपुर पुलिस एवं सक्ती के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और नगर के अलग-अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटे रहे।

## खबर संक्षेप

### तरावी की विशेष नमाज से प्रारंभ हुआ पवित्र रमजान माह

**जांजगीर-चाम्पा।** इस्लाम धर्मावलम्बियों का पवित्र रमजान माह 18 फरवरी को रात्रि तरावी की विशेष नमाज के साथ प्रारंभ हुआ। रमजान माह में सूर्योदय के पूर्व सैहरी करके रोजा रखना और सूर्यास्त के बाद इफ्तार करके रोजा खोलने का सिलसिला आरम्भ होगा, जो पूरे माह भर चलेगी। पवित्र रमजान माह बारह महिनों में सबसे मुबारक महीना है। इस माह में प्रमुख ग्रंथ कुरान शरीफ नाजिल हुआ। पूरे माह में हर बालिग औरत और मर्द पर रोजा (उपवास) फर्ज किया गया। पवित्र रमजान माह के दिनों में रोजा (उपवास) और रात में ईसा के नमाज के बाद तरावी की विशेष नमाज अदा की जाती है। तरावी की विशेष नमाज कुरान की आयतों के साथ मौलाना मुनीर रजा पढ़ायेंगे। मदरसा-ए-मदनी कमेटी के अध्यक्ष रफीक सिद्धिकी ने बताया कि तरावी की नमाज के लिये माह भर रात्रि 8 बजे अजान व 8:30 बजे नमाज हेतु जमात हुआ करेगा। इस मुबारह एवं पवित्र माह के मौके पर मदीना मस्जिद नैला के पेश ईमाम मौलाना शराफत अली ने रमजान माह के महत्व पर प्रकाश डाला।

### जेईई मेंस सेशन -1 में जय भारत स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**जांजगीर-चांपा।** जेईई मेंस सेशन -1 में जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर के विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। जे ई ई मेंस 2025 -26 सेशन 1 परीक्षा के लिए कुल 1355293 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया था। परीक्षा में कुल 1304653 छात्र शामिल हुए । जे ई ई मेंस के उम्मीदवारों के परिणाम एनटीए ने जारी कर दिए हैं। जिसमें जांजगीर जिले के हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर के निखिल कश्यप ने 92.48 परसेंटाइल, चंद्रशेखर साहू 91.01 परसेंटाइल, ज्ञानेश साहू 90.49 परसेंटाइल स्कोर किया है। इसके साथ ही आईआईटी में प्रवेश के लिए पहली सीढ़ी पार कर ली है ।वह रोजाना आठ नौ घंटे की पढ़ाई करते थे तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा उनके लिए विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की गई थी । समय-समय पर उनके उलझन व दुविधाओं को सुलझाने के लिए विद्यालय के विषय अंतर्गत शिक्षकों द्वारा उचित मार्गदर्शन दिया जाता रहा है। ताकि उनकी तैयारी में किसी भी प्रकार की कमी ना रह जाए। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती गुरमीत कौर धनजल द्वारा समय-समय पर उन्हें उचित सुझाव दिया जाता रहा है, ताकि वे अपने लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सके, विद्यार्थी बचपन से ही मेघावी रहे हैं।

### ग्राम पंचायत करही में अखंड नवधा रामायण 5 से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत करही के बाजार चौक में श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन गुरुवार 5 मार्च से रखा गया है। इस संबंध में ग्राम करही निवासी जोगेंद्र कुमार कश्यप ने बताया कि अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 5 मार्च दिन गुरुवार को शुभारंभ किया जाएगा। व्यास आचार्य विजय गुरुद्वान होंगे। नवधा रामायण का समापन 14 मार्च दिन शनिवार को होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालेश्वर प्रसाद साहू विधायक जैजैपुर और विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मे लाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर बाजार चौक वासी और समस्त ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारी की जा रही है।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हारिया मोड से कुछ ही दूरी पर कोरबा की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीबी 8170 ने स्प्लेंडर बाइक क्रमांक सीजी 12 एआर 5587 को चपेट में लिया। जिससे बाइक में सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से ट्रेलर को छोड़कर भाग गया है। बताया जाता है कि मृतक की पहचान विकासनगर कुसमुंडा निवासी अरुण कुमार के रुप में की गई है। घटना की सूचना मिलने कुसमुंडा थाना प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पांडेय दल बल सहित मौके पर पहुंचे। भीड़ को नियंत्रित करते हुए,आरोपी चालक को गिरफ्तार कर दुर्घटनाकारित वाहन जब्त किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोरबा कुसमुंडा मार्गों पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने की वजह से शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है, जिस वजह आए दिन हादसे हो रहे हैं।

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

पहले दिन पांच हजार से अधिक स्कूल और कॉलेज के छात्रों ने किया अवलोकन

# प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नवाचार की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पुलिस परेड ग्राउंड, खोखरा में 19 से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 'प्रगतिशील छत्तीसगढ़ 2026' उन्नति की ओर एक पहल भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ सांसद ने किया। प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्रदर्शित कर आमजनों को जानकारी दी जा रही है। शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने प्रदर्शनी के स्टॉलों का भ्रमण किया।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला उपाध्यक्ष मोहन यादव, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, इंजी. रवि पांडे, अमर सुल्तानिया, पलाश चंदेल, अनिल शर्मा, पंकज अग्रवाल, आशुतोष गोस्वामी, कोस्टल एक्वा कल्चर अथॉरिटी चेन्नई सेक्रेटरी के.सी. देवसेनापति, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि जांजगीर "कोसा-कांसा-कंचन की नगरी" के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। जिले के किसान नवाचार के माध्यम से कम लागत में बेहतर उत्पादन कर अच्छा आमदनी अर्जित कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य नवाचारों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने नागरिकों से प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर भाग लेने और योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। भारत सरकार के कोस्टल एकव्हाकल्चर अथोरीटी चेन्नई के सेक्रेटरी देव सेनापती ने अपने भाषण में कहा कि इस प्रदर्शनी में सरकार के अलग अलग सेक्टर के स्टॉल लगे हुए है। इससे जांजगीर निवासी नागरिकों को बहुत कुछ सिखने को मिलेगा। ये प्रदर्शनी नई तकनिक को नागरिकों के सामने रखती है जिससे नया स्टार्टअप और निवेश के लिए मार्गदर्शन भी मिलेगा। इस प्रदर्शनी के पहले दिन पांच हजार से ज्यादा स्कूल और कॉलेज के छात्रों ने भेटकर विविध विभागों की जानकारी ली, जिससे दिनभर प्रदर्शन स्थल पर भीड़ रही।



प्रदर्शनी में उपस्थित अतिथि एवं छात्र-छात्राएं।

इस प्रदर्शनी में जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के स्टॉल में बच्चो ने खुब जानकारी प्राप्त की, यहां पर रखा गया ढाई बिलियन साल पुराना डायनासोर का अंडा और दस हजार साल पुरानी इन्सानी खोपडी देखने भीड़ उमड़ी थी। इसके अलावा स्थानीय कोसा सिल्क, भिलाई स्थित लोह प्रकल्प की पूरी जानकारी दी गई। ऑटोनोमिक एनर्जी के स्टॉल में रखे स्पेस सेंटर के मॉडल, आईसीएमआर में विविध बीमारियों की जानकारी दिनभर बटोरी गई। शुरूवात मे फ्रैंड्ज़ एक्जिबिशन की तरफ से प्रोजेक्ट हेड अखिला श्रीनिवासन और संचालक दीपक सिंग मेहता सभी अतिथियों का शाल, स्मृतिचिन्ह और बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार यादव ने और आभार व्यक्त रिजनल हेड दत्ता थोरे ने किया। प्रदर्शनी में कृषि एवं बागवानी, हस्तकला एवं हस्तशिल्प, वाणिज्य एवं व्यापार, कृषि एवं पशुपालन, अंतरिक्ष विज्ञान एवं परमाणु ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं औद्योगिक विकास, आवास एवं शहरी विकास, रक्षा अनुसंधान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, वित्त, बैंकिंग एवं बीमा तथा स्वास्थय एवं कल्याण से संबंधित स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े नवाचारों और योजनाओं का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। आधार सेवा केंद्र की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जहां नागरिकों को आधार से संबंधित सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर महीला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं की गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि।

## विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षिक मॉडल का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

■ शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला, कुटराबोड में विज्ञान एवं मापन मेले का आयोजन

सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को रोचक एवं अनुभवात्मक बनाने के उद्देश्य से संकुल भदरा के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला, कुटराबोड में विज्ञान मेला एवं मापन मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पामगढ़ विकासखंड के शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी रहे।

इस अवसर पर संकुल समन्वयक वीरेंद्र कश्यप एवं टेकराम कुर्रे, प्राथमिक शाला के प्रधानाध्यापक अजय मधुकर, शिक्षिका खिखबाई कंवर एवं रामबाई, पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधानाध्यापिका यशोमती कमलेश, मधुलिका दास तथा भुनेश्वर प्रसाद उपस्थित रहे। अवलोकन हेतु अन्य विद्यालयों से विज्ञान शिक्षिका अर्चना कौशिक, उषा बंजारे एवं गुलाब शास्त्री भी कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही प्राथमिक शाला से द्वासराम पहाड़ी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्यों की भी सहभागिता रही। मापन मेले के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा ऊंचाई एवं भार मापन, कैलेंडर अध्ययन, समय मापन आदि विषयों पर गतिविधि आधारित स्टॉल्स लगाए गए। इन स्टॉल्स का संचालन स्वयं विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने सूक्ष्मजीवों की दुनिया, माइक्रोस्कोप द्वारा कोशिकीय संरचना का अवलोकन, अम्ल-क्षार परीक्षण, चुंबक संबंधी गतिविधियां, पृथक्करण की विधियां, जड़, तना एवं पत्तियों की संरचना, फूलों के विभिन्न भाग तथा विद्युत परिपथ जैसे विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक स्टॉल्स प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न शैक्षिक मॉडल भी प्रदर्शित किए गए, जिनमें जंतु कोशिका, पादप कोशिका, हृदय की संरचना, किडनी की संरचना एवं पृथ्वी की आंतरिक संरचना प्रमुख रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली यातायात टीम का एसपी ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

माह जनवरी में सड़क सुरक्षा माह चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने जागरुक किया। जागरुकता माह के दौरान यातायात पुलिस टीम के जवान यातायात व्यवस्था के अतिरिक्त यातायात पुलिस सक्ती द्वारा सराहनीय योगदान देकर कार्यक्रम का सफल संचालन किया था। इस पर पुलिस अधीक्षक ने यातायात टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिला सक्ती में माह जनवरी में संचालित सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अंतर्गत हेलमेट वितरण, वाहन चालको को यातायात नियमो की समझाईस, विद्यालयो एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया था। उक्त कार्यक्रम में प्रतिदिन की यातायात व्यवस्था के अतिरिक्त यातायात पुलिस सक्ती द्वारा सराहनीय योगदान देकर कार्यक्रम का सफल संचालन किया था। जिसके फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक सक्ती प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा सक्ती जिले की यातायात टीम को अपने बंगले के कैम्प कार्यालय में बुलाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी निरीक्षक वाय.एन.शर्मा, सउनि सुरेन्द्र सिंह, सुकुल सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थें। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा सक्ती में 15 फरवरी को आयोजित शिव बारात में कुशल प्रबंधन के लिए भी पूरी टीम की पीठ थपथपाई तथा कर्मचारियो को उद्बोधन में बताया कि ''यातायात व्यवस्था किसी भी शहर का आईना होती हैं, आईना साफ रहेगा तो तस्वीर स्वभाविक रूप से सुंदर दिखेगी'' अतः आप लोग संवेदनशीलता के साथ दृणता से अपना कार्य करें, 03 सवारी, बिना नंबर, बिना हेलमेट एवं नशे का सेवन कर वाहन चलाने के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया। सक्ती जिला बनने के उपरांत पहली बार पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रोत्साहन एवं सम्मान मिलने से पूरी यातायात टीम के जवान प्रसन्न दिखे तथा भविष्य में और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने का संकल्प लियें।

## जिले के किसानों को अंजोला के प्रति जागरूक कर रहीं कृषि व पशु सखी




**बहेराडीह।** अंजोला एक प्रोटीन युक्त, कम लागत और बहुपयोगी जल पौधा है, जो पशुपालन और जैविक खेती दोनों के लिये लाभकारी है। ये कहना है बलौदा ब्लॉक अंतर्गत कुरदा कलस्टर के ग्राम बहेराडीह के पशु सखी पुष्पा यादव और जाटा गांव की कृषि सखी शशि कर्ष की। उन्होंने बताया अंजोला के पत्तों में एक सूक्ष्म शैवाल (सायनोबैक्टीरिया) सहजीवी रूप में रहता है। जो वायुमंडलीय नाइट्रोजन को स्थिर करता है। इसी वजह से अजोला को जैव उर्वरक और पशु आहार दोनों रूपों में उपयोग किया जाता है। अजोला की मुख्य विशेषता के बारे में बताया कि बहुत तेज वृद्धि (7–10 दिन में दोगुना),कम लागत में उत्पादन किया जा सकता है। बहेराडीह के कृषक मित्र दीनदयाल यादव ने बताया कि पशु, बकरी, सूकर, मुर्गी के लिए उत्तम पूरक आहार माना जाता है। अजोला में कई प्रकार की पोषक तत्व पाई जाती है। जिसमें प्रोटीन, वसा, कार्बोहाईड्रेट,, फाइबर, कैल्शियम, फोस्फोरास आयरन, मैग्नेशियम, पोटेशियम, बिटा कैरोटिन, और अन्य विटामिन विद्यमान होती है। अंजोला का उपयोग बकरीः 300–500 ग्राम,मुर्गीः 20–30 ग्राम (अंडा उत्पादन व पीला रंग बेहतर),सूकरः 1 किग्रा तक पूरक रूप में किया जा सकता है।

कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर के मृदा वैज्ञानिक व वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रमुख डॉ के डी महंत ने बताया कि कृषि में उपयोग, धान खेत में जैव उर्वरक के रूप मेंमिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में सहायकरासायनिक नाइट्रोजन की बचतअजोला एक प्रोटीन युक्त, कम लागत और बहुउपयोगी जल पौधा है, जो पशुपालन और जैविक खेती दोनों के लिए लाभकारी है।

## सतत लगन और मेहनत से हासिल कर सकते हैं मुकाम : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केरा

■ गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल केरा में वार्षिकोत्सव का आयोजन

गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल केरा द्वारा विद्यालय की स्थापना का दस गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुकुल उत्सव का भव्य आयोजन का शुभारंभ विद्यालय परिसर में हुआ। इस दिन गुरुकुल उत्सव में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां, विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं शिक्षको के समर्पण को समर्पित रहा।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकेश शुक्ला (भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवरीनारायण), विशिष्ठ अतिथि अखिलेश भीष्म (सभापति आद्योगिक एवं राजस्व स्थाई समिति जनपद पंचायत नवागढ़), सत्यनारायण देवांगन कार्यक्रम अध्यक्ष कृष्णकुमार केशरवानी , हितेश सोनी, रोहित कुमार मांझी




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

विद्यालय संचालक अजय आदित्य , प्राचार्य श्रीमती रिया आदित्य तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने मां सरस्वती, मां भारती की तौल्याचित्र पर दीप प्रजवाल्लित कर शुभारंभ किया गया। विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा राष्ट्रगान सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । इस अवसर पर मुख्या अतिथि लोकेश शुक्ला ने कहा कि विद्यालय प्रतिवर्ष प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा जब तक बाधाए नहीं आती तब तक कोई आगे नहीं बढता। गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल केरा के इस गौरवशाली दस वर्ष पुंर्ण करने में अनेक बाधाए आयी होगी परन्तु सतत लगन और मेहनत से आज विद्यालय ने यह मुकाम हासिल किया है। अखिलेश भीष्म ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया परिश्रम ही व्यक्ति की असली कमाई है उसी तरह विद्यालय की प्रत्येक विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत बहुत सराहनीय है इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा स्वागत प्रस्तुति के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालक अजय आदित्य के द्वारा सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र , शील्ड एवं तौफा देकर उनका मनोबल बढाया। वार्षिक उत्सव में प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शको का मन मोह लिया उत्सव का उद्देश्य छात्रो की प्रतिभा को उजागर करना है और उन्हें सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षको और अभिभावकों ने भाग लिया तथा मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि एवं अध्यक्ष की भी सक्रीय सहभागिता रही। विद्यालय प्रबंधक ने आयोजन की सफलता के लिए ब्यक्त किया। वार्षिक उत्सव का समापन अभिभावक ,विद्यार्थी , शिक्षक , शिक्षिकाए एंव उपस्थित मुख्य अतिथि के द्वारा राष्ट्रगीत के साथ किया गया ।

### भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष बने चूड़ामणि राठौर

**बहेराडीह।** ग्राम सिवनी के प्रगतिशील किसान, जनपद सदस्य और बलौदा जनपद पंचायत के संचार, संकर्म समिति के सभापति चूड़ामणि राठौर को भारतीय जनता पार्टी ने सक्ति जिले के किसान मोर्चा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।



उल्लेखनीय है कि चूड़ामणि राठौर सिवनी गाँव के न सिर्फ प्रगतिशील किसान हैं। बल्कि वे गाँव के सरपंच, जनपद सदस्य, जल उपभोक्ता समिति के अध्यक्ष पर अपना सेवा दे चुके हैं। किसानों के साथ मिलकर उनके समस्याओ और उनके उत्थान को लेकर पार्टी हित में सदैव काम करने तथा पार्टी में उनके सक्रियता को देखते हुये भाजपा मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष और पार्टी के संगठन के अनुशंशा पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव साय ने सक्ति विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़े गाँव सिवनी के प्रगतिशील किसान चूड़ामणि राठौर को किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया है।

## शिव का अवतरण शिवरात्रि नहीं, शिव जयंती है : चन्द्रिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ जीवन को श्रेष्ठ सात्विक बनाने का लिया संकल्प

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जांजगीर से संबद्ध मेन रोड मुनुन्द स्थित होली हंस सरोवर के शिव मणि हॉल में 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के अवसर पर शिवध्वज फहराने के पश्चात उपस्थित श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी चन्द्रिका ने कहा कि अपने अवगुणों को परमात्मा को देकर जीवन को पवित्र और शुद्धमय बनाना ही सच्ची शिव जयंती है।

उन्होंने कहा कि रात्रि अंधकार का प्रतीक है और दिन प्रकाश का। यही बात अपने जीवन में लाकर देखें कि हमारे आंतरिक जीवन में अंधकार रूपी रात्रि है या ज्ञान प्रकाश है। हम भ्रम में रहते है कि हम तो अच्छे है और विषय विकार में जाना,तामसिक खान पान करना, क्रोध, लोभ, मोह,अहंकार के वश भी होना और अपने को भगवान की श्रेष्ठ रचना समझना क्या ये सही है। आगे उन्होंने कहा कि परमात्मा का अवतरण मनुष्य मात्र के कल्याण के साथ साथ संसार के समस्त जीवों सहित प्रकृति के पांचों तत्वों को भी पावन और शुद्ध सतोप्रधान बनाने के लिए होता है। अभी का समय यही चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिवलिंग शंकर देवता के शरीर का कोई हिस्सा या भाग नहीं है बल्कि ज्योति स्वरुप परमात्मा का प्रतिमा है ज्योति स्वरुप होने के कारण उनका हमारे जैसा शरीर नहीं है परन्तु उस ज्योति का नाम ही शिव है और शिवलिंग प्रतिमा है हम आत्माये शरीर धारण करते है और नाम भी शरीर पर पड़ता है परन्तु हम तो आत्माये है वैसे ही परमात्मा भी है लेकिन उनका नाम उस ज्योति पर ही पड़ता है इसीलिए भारत में 12 ज्योतिर्लिंग प्रसिद्ध है। अंत में उन्होंनें कहा कि शिवलिंग पर जल के साथ साथ अक - धतूरा, कनेर फूल चढ़ाना ये तो सामान्य सी बात है परन्तु अपने जीवन से कांटे और जहरीले जैसे आदत स्वभाव और संस्कारों को चढ़ाकर एक अच्छा जीवन सात्विक जीवन सुखमय जीवन बनाना ही सच्ची सच्ची शिवरात्रि - शिव जयंती मनाना सार्थक होगा। कार्यक्रम के पश्चात आये हुए सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों से दीप प्रज्जवलित कराया गया तथा जीवन को श्रेष्ठ सात्विक बनाने का संकल्प लेकर प्रस्थान किए।



कार्यक्रम में उपस्थित ब्रह्मकुमारी बहन एवं लोग।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# क्रूरता भरी एक्शन-थ्रिलर मूवी है 'टॉक्सिक -ए फेयरी टेल'

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक - ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज होने जा रही है। फिल्म के यूएई डिस्ट्रिब्यूटर फार्स फिल्म्स ने फिल्म की कहानी के बारे में जानकारी अपनी वेबसाइट पर जारी की है। फिल्म टॉक्सिक की कहानी का प्लॉट 1940 और 1970 के गोवा में रचा गया है। वेबसाइट पर फिल्म के सिनॉप्सिस में लिखा गया है, '1940 के दशक से शुरू होकर 1970 के दशक के बीच गोवा में घटित होती 'टॉक्सिक' एक क्रूरता भरी एक्शन-थ्रिलर मूवी है जो स्वर्ग जैसी इस जमीन के नीचे पनप रहे करप्शन की गहराई में उतरती है। कहानी के बारे में लिखा गया है- सत्ता मुफ्त में नहीं मिलती, बल्कि छीनी जाती है।

## लाइफ Style



# रश्मिका
## शादी की गेस्ट लिस्ट में कोई सेलिब्रिटी नहीं

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी को लेकर कुछ नई जानकारियां सामने आई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 26 फरवरी को उदयपुर में शादी के बाद दोनों 1 महीने छुट्टी पर जाने वाले हैं। शादी की गेस्ट लिस्ट बहुत छोटी और निजी रखी गई है। इसमें किसी सेलिब्रिटी को न्योता नहीं दिया गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी की चर्चा जोर-शोर से चल रही है। सोशल मीडिया पर शादी का कार्ड वायरल है। कथित तौर पर आगामी 26 फरवरी को दोनों उदयपुर में परिवार और बेहद करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लेने वाले हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, यह शादी बेहद प्राइवेट रहने वाली है। मेहमानों पर सेरेमनी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की पाबंदी लगाई गई है। वेडिंग वेन्यू पर 'नो-फोन पॉलिसी' लागू होगी। यानी कोई मेहमान अपना फोन अंदर नहीं ले जा पाएंगे। इस बीच चर्चा ये भी है कि रश्मिका मंदाना शादी के बाद काम से करीब 1 महीने का ब्रेक लेंगी। ऐसे में अब यह भी कहा जा रहा है कि रश्मिका और शाहिद 'कॉकटेल 2' के बाद अमित शर्मा की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में नजर नहीं आएंगे। उदयपुर में यह शादी बहुत प्राइवेट होगी, जिसमें सेलिब्रेशन 24 फरवरी से शुरू होंगे और 26 फरवरी को सात फेरों की सेरेमनी के साथ खत्म होंगे। गेस्ट लिस्ट बहुत छोटी रखी गई है। फोन अलाउड नहीं होंगे। यहां तक कि शादी की तस्वीरें कैप्चर करने वाली टीम से भी एनडीए (नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट) पर साइन करवाया गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# द ब्लफ का हुआ वर्ल्ड प्रीमियर

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ब्लफ' के वर्ल्ड प्रीमियर में कलाकार और निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनस और निक जोनस 17 फरवरी को लॉस एंजिल्स पहुंचे। प्रियंका और निक की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल नीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में हाल ही में प्रियंका चोपड़ा जोनस की आगामी फिल्म 'द ब्लफ' का विश्व प्रीमियर हुआ है। इसके प्रीमियर पर फिल्म की स्टार कास्ट के अलावा कई सेलेब्स ने शिरकत की। 'द ब्लफ' के प्रीमियर में निक जोनस का स्टाइलिश और रोमांटिक अंदाज दोनों देखने को मिला।




# जल्द लौटेगा हैना मोंटाना मेकर्स ने जारी किया टीजर

**लॉस एंजिल्स।** हैना मोंटाना के बीस साल पूरे होने की खुशी में माईली साइरस ने फैंस को एक खास तोहफा दिया है। जल्द ही इस शो का प्रीमियर होने जा रहा हैं। माईली साइरस के पॉपुलर शो हैना मोंटाना ने अपने बीस साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर मेकर्स एक खास शो रखा है। इस शो में माईली अपने फैंस के साथ लाइव बातचीत करेंगीं। साथ ही शो के सेट को दोबारा क्रिएट कर सीरीज के अनदेखे फुटेज भी शेयर किए जाएंगे। मेकर्स ने पोस्ट शेयर कर बताया कि हैना मोंटाना के बीस साल पूरे होने पर माईली साइरस सेट पर वापसी कर रही हैं। इस शो का प्रीमियर 24 मार्च को किया जाएगा। दर्शक इस शो को डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं। यह भी कहा गया है इस शो में माईली अपने फैंस के साथ लाइव बातचीत करेंगी।



# प्रियंका को अभी नहीं कर सकती अफोर्ड...


**मुंबई।** मीरा चोपड़ा साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के अलावा प्रियंका चोपड़ा की कजिन बहन के तौर पर पहचानी जाती हैं। शादी के बाद वह फिल्मों से दूर थीं, लेकिन अब बतौर फिल्ममेकर उन्होंने साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स' के साथ वापसी की। एक बातचीत में उन्होंने अपने कॅरियर, प्रियंका चोपड़ा की सलाह सहित कई विषयों पर बात की। बतौर फिल्ममेकर डेब्यू करने के बाद क्या वह आगे अपनी फिल्म में बहन प्रियंका चोपड़ा को कास्ट करने के बारे में सोचती हैं। इस सवाल के जवाब में उन्होंने हंसते हुए कहा, 'नहीं...नहीं। अभी तो मैं वो नहीं कर सकती। मैं अभी उनको एफोर्ड ही नहीं कर सकती हूं। मैं कभी सपने में भी ऐसा नहीं सोचती हूं। हां जब बड़ी फिल्ममेकर बन जाऊंगी तो एक दिन अपनी फिल्म में प्रियंका को कास्ट करना चाहूंगी।'



# श्रद्धा की ईथा का पुणे शेड्यूल पूरा...

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। अब श्रद्धा ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'ईथा' के पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। ईथा महाराष्ट्र की प्रसिद्ध लावनी और तमाशा डांसर विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित है। फिल्म में श्रद्धा के साथ अभिनेता रणदीप हुड्डा भी नजर आएंगे। अब शेड्यूल रैप होने के बाद दोनों कलाकारों का केक काटते वीडियो वायरल है। ईथा के पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी होने पर सेट पर केक काटकर जश्न मनाया गया। इसमें फिल्म की कास्ट और क्रू शामिल हुए। इसमें अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और अभिनेता रणदीप हुड्डा से लेकर फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर और प्रोडक्शन टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। अब केक काटने के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

## टीवी मसाला



# अमिताभ का ट्वीट- अपनी आवाज अब अपनी ना रही

**नई दिल्ली।** 83 वर्षीय अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'टी 5660 - अपनी आवाज़ अब अपनी ना रही !!!' इस पर यूजर्स ने धड़ाधड़ कमेंट्स किए। कुछ ने अमिताभ का साथ दिया, तो कुछ ने उनके साथ मसखरी की और खिंचाई शुरू कर दी। रणवीर शौरी ने भी इस पर रिएक्ट किया, अब तो अपनी शक्ल भी अपनी नहीं रही है। वहीं, लोग अमिताभ से कह रहे हैं कि ये शरीर भी अपना नहीं है, मिट्टी का है, तो फिर किसलिए घबरा रहे हो? शायद अमिताभ बच्चन की फिल्मों की इतना चर्चा नहीं होती होगी, जितनी उनके ट्वीट्स और ब्लॉग के पोस्ट की होती है। उनका हर ट्वीट तुरंत ही वायरल हो जाता है। ट्वीट भी ऐसे होते हैं कि कई बार तो यूजर्स को उनका मतलब समझ नहीं आता और वो कन्फ्यूज हो जाते हैं। कई बार अमिताभ बच्चन से ही मतलब पूछने लगते हैं। उनके पहेलियों भरे ट्वीट्स हमेशा ही सुर्खियां बटोरते हैं। अब अमिताभ बच्चन का नया ट्वीट भी कुछ ऐसा ही है, जिसकी चर्चा हो रही है। एक यूजर का कमेंट है, 'ये बोलके एलेक्सा को कनफ्यूज मत कीजिए।' एक बोला, 'रेखा जी की होगी।' एक और कमेंट आया, 'जब लोगों ने अपना ज़मीर ही बेच दिया तो आवाज का तो क्या ही कहना।' एक बोला, '83 साल बोले अब गले को विश्राम दीजिए।' एक यूजर ने अमिताभ के ट्वीट पर रिप्लाई लिखा, 'सर, आवाज तो अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की हो गई, बस दुआ करिए कि 'परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन' अभी भी आपका ही रहे! वरना मोहल्ले के लड़के भी अब शहंशाह वाली आवाज में उधार मांग रहे हैं। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो अमिताभ बच्चन साल 2024 में आई फिल्म 'कल्कि 2898 **AD**' और 'वेट्टाइयां' में नजर आए थे। इसके बाद 2025 में उन्होंने फिल्म '120' में वॉइसओवर दिया।


## प्रेग्नेंसी ग्लो से चमक उठा सुरभि ज्योति का चेहरा

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति मां बनने वाली हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी प्रेग्नेंसी की खबर सोशल मीडिया पर दी थी। अब उन्होंने बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए कुछ प्यारी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सुरभि ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की 15 तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सुरभि काफी खिली सी और आकर्षक नजर आ रही हैं। उनकी प्रेग्नेंसी ग्लो ने चेहरे की मुस्कान को और भी खूबसूरत बना दिया है। अपनी इन तस्वीरों में बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुई सुरभि ने लिखा है, 'जंगल में फूल की तरह धीरे-धीरे खिलना।' 'कुबूल है', 'नागिन' और 'इश्कबाज' जैसे सीरियल्स से मशहूर सुरभि ज्योति हमेशा से अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। प्रेग्नेंसी के समय अपने इस पोस्ट में अपने ग्रेसफुल अंदाज से फैंस का दिल जीत रही हैं। पोस्ट पर सुरभि के इंडस्ट्री के दोस्तों और कलाकारों ने भी रिएक्ट किया है।



# हीरो ने मुफ्त में किया काम, डायरेक्टर ने भी नहीं ली फीस बड़े पर्दे पर उतार दी ऐसी कहानी, झटक लिए थे 35 अवॉर्ड

*नई दिल्ली। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि किसी फिल्म के हीरो और डायरेक्टर ने एक रुपया भी फीस न ली हो? साल 2014 में एक ऐसी फिल्म आई, जिसने बॉलीवुड के सारे समीकरण बदल दिए। बजट की कमी और कहानी के प्रति जुनून ऐसा था कि लीड हीरो और निर्देशक ने मुफ्त में काम करने का फैसला किया, ताकि सारा पैसा पर्दे पर कहानी उतारने में लगे। कश्मीर की वादियों में रची गई इस दर्दनाक दास्तां ने बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं, बल्कि अवॉर्ड्स की दुनिया में भी तहलका मचा दिया और कुल 35 से ज्यादा अवॉर्ड्स अपने नाम किए। आज भी इस फिल्म की गिनती भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े मास्टरपीस में होती हैं। बॉलीवुड में जब भी किसी कल्ट फिल्म या मास्टरपीस की बात होती है, तो विशाल भारद्वाज की 'हैदर' का नाम सबसे ऊपर आता हैं। साल 2014 में आई इस फिल्म ने ना सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बनाई, बल्कि सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। शाहिद कपूर ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से ऑडियंस के दिलों को जीत लिया था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म को बनाने के लिए इसके लीड हीरो शाहिद कपूर और डायरेक्टर विशाल भारद्वाज ने एक रुपया भी फीस नहीं ली थी? जी हां, यह बिल्कुल सच हैं। विशाल भारद्वाज कश्मीर की वादियों में शेक्सपियर के 'हैमलेट' को उतारना चाहते थे, लेकिन बजट की कमी आड़े आ रही थी। फिल्म का विजन इतना बड़ा था कि अगर शाहिद और विशाल अपनी रेगुलर फीस लेते तो फिल्म शायद कभी बन ही नहीं पाती। दोनों ने तय किया कि वे फिल्म में पैसा लगाने के बजाय अपनी मेहनत इन्वेस्ट करेंगे। नतीजा यह हुआ कि फिल्म बनी और ऐसी बनी कि इसने अवाड्र्स जीतने में भी रिकॉर्ड खड़े कर दिए।*



## अशांत कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं कहानी

'हैदर' की कहानी 90 के दशक के अशांत कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं। हैदर (शाहिद कपूर) एक नौजवान है, जो अपनी पढ़ाई पूरी कर अपने घर श्रीनगर लौटता हैं। उसे पता चलता है कि उसके पिता डॉक्टर हिलाल मीर गायब हो चुका है और उनके घर को सेना ने उड़ा दिया हैं। घर लौटने पर हैदर को सबसे बड़ा झटका तब लगता है, जब वह अपनी मां गजाला (तब्बू) को अपने चाचा खुर्रम (के के मेनन) के साथ खुश देखता हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, हैदर को पता चलता है कि उसके पिता की गिरफ्तारी और मौत के पीछे किसी और का नहीं, बल्कि उसके सगे चाचा का हाथ हैं।

# बाफ्टा 2026 में अवॉर्ड प्रेजेंटर बनेंगी आलिया
## भारत को फरहान अख्तर की बूंग से उम्मीदें

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट को प्रतिष्ठित ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स ने अवाड्र्स प्रेजेंटर्स में शामिल किया है। जी हां, **BAFTA** 2026 के मंच पर अब राहा की मम्मी भी नजर आएंगी। बाफ्टा ने एक लिस्ट जारी की है, जिसमें अवॉर्ड प्रेजेंटर्स के नाम हैं। ये वो दिग्गज हैं, जो 22 फरवरी को अवॉर्ड सेरेमनी में मंच पर विजेताओं के नाम का ऐलान करेंगे और उन्हें ट्रॉफी देंगे। इस लिस्ट में आलिया भट्ट के साथ ही 'ओपेनहाइमर' फेम किलियन मर्फी का भी नाम है। आलिया भट्ट के अलावा, बाफ्टा फिल्म अवाड्र्स के प्रेजेंटर्स की लिस्ट में किलियन मर्फी, एमी लू वुड, ब्रायन क्रैंस्टन, डेविड जोंसन, डेलरॉय लिंडो, गिलियन एंडरसन, ग्लेन क्लोज, ओलिविया कुक, पैट्रिक डेम्पसी, एरॉन पियरे, एलिसिया विकेंडर, एरिन डोहर्टी, हन्नाह वाडिंगहैम, कैथरीन हैन, केरी वाशिंगटन, लिटिल सिम्ज, मैगी गिलेनहाल, मिया मैककेना-ब्रूस, मिली एल्कॉक, मिन्नी ड्राइवर, नोआ जूप, रेगे-जीन पेज, रिज अहमद, स्टॉर्मजी और वारविक डेविस जैसे ग्लोबल नाम भी शामिल हैं।



## प्रियंका और दीपिका आ चुकी हैं नजर

बाफ्टा 2026 में कई नॉमिनी प्रेजेंटर के तौर पर भी काम करेंगे, इनमें एथन हॉक, माइकल बी. जॉर्डन, केट हडसन, माइल्स कैटन, एमिली वॉटसन और स्टेलन स्कार्सगार्ड शामिल हैं। जानकारी के लिए बता दें कि आलिया भट्ट से पहले, ग्लोबल अवॉर्ड सेरेमनी में बुलाए गए दूसरे इंडियन एक्टर्स में प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण का भी नाम है। साल 2021 में प्रियंका चोपड़ा जोनस और 2024 में दीपिका पादुकोण इसमें शामिल हुई थीं।

## वन बैटल आफ्टर अनअदर को सबसे अधिक 14 नॉमिनेशन

बाफ्टा 2026 के नॉमिनेशन की बात करें तो पॉल थॉमस एंडरसन की लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनअदर' को सबसे अधिक 14 नॉमिनेशन मिले हैं। इसके बाद रयान कूगलर की वैम्पायर ड्रामा 'सिनर्स' को 13 नॉमिनेशन मिले हैं। क्लो झाओ की शेक्सपियरियन ड्रामा 'हैमनेट' और जोश सफ्डी की 'मार्टी सुप्रीम' को 11-11 नॉमिनेशन मिले हैं।

## राजेश खन्ना ने दिया था पहला बड़ा ब्रेक, 1971 के बाद बदली तकदीर

# हिंदी सिनेमा में सलीम-जावेद की जोड़ी को माना जाता है मील का पत्थर

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के इतिहास में सलीम-जावेद की जोड़ी को मील का पत्थर माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस दिग्गज साझेदारी को पहला बड़ा ब्रेक किसने दिलाया? सलीम-जावेद की जादुई कलम ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी। अमिताभ बच्चन को सुपरस्टार बना और खुद भी दोनों ने बॉलीवुड की रूपरेखा बदल के रख दी। लेकिन, क्या आप जानते हैं इस जोड़ी को पहली ब्रेक किसने दिया था? दोनों की जोड़ी को हिट कराने के पीछे एक सुपरस्टार का नाम हैं? दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान इन दिनों वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं और मुंबई के लीलावती अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। 90 साल इस लेखक ने हिंदी सिनेमा की भाषा को ही बदलकर रख दिया। लेकिन, कम लोग जानते हैं कि सलीम खान और जावेद अख्तर की इस महान जोड़ी को पहला बड़ा ब्रेक किस सुपरस्टार ने दिया था। जिसके बाद सलीम-जावेद की जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार और ऐतिहासिक फिल्में दीं।*




## अभिनय से किया था सिनेमा का सफर

सलीम खान का सिनेमा सफर लेखन से नहीं, बल्कि अभिनय से शुरू हुआ था। उन्हें पहला बड़ा अवसर फिल्म 'बारात' (1960) में मिला, जिसके लिए उन्हें 1000 रुपए साइनिंग अमाउंट और शूटिंग के दौरान 400 रुपए मासिक वेतन मिलता था। उन्होंने यह ऑफर स्वीकार किया और मुंबई आकर महिमा में किराए के फ्लैट में रहने लगे। 'प्रिंस सलीम' के स्क्रीन नाम से काम करते हुए उन्होंने करीब दो दर्जन फिल्मों में काम किया, जिनमें तीसरी मंजिल (1966), सरहदी लुटेरा (1966) और दीवाना (1967) शामिल हैं। 'तीसरी मंजिल' में उनका रोल काफी अच्छा था, लेकिन इसके बावजूद स्टारडम उनसे दूर रहा।

## सरहदी लुटेरा के दौरान हुई मुलाकात

'सरहदी लुटेरा' के दौरान ही सलीम खान की मुलाकात जावेद अख्तर से हुई। उस वक्त जावेद अख्तर क्लैपर बॉय का काम करते थे और बाद में निर्देशक एस.एम. सागर ने उन्हें डायलॉग राइटर बना दिया। दोनों अपने-अपने गुरुओं के यहां काम कर रहे थे, जो पड़ोसी हुआ करते थे। सलीम अबरार अल्वी के साथ स्क्रीनप्ले और डायलॉग लिखने में असिस्ट कर रहे थे, जबकि जावेद कैफी आजमी के साथ शायरी सीख रहे थे। इस नजदीकी के चलते दोनों की मुलाकातें बढ़ीं और जल्द ही उन्होंने साथ काम करने का फैसला किया। सलीम कहानी और प्लॉट पर फोकस करते थे, जबकि जावेद डायलॉग और कभी-कभी गीत लिखते थे।

## 24 फिल्मों में साथ किया काम



कुल मिलाकर उन्होंने 24 फिल्मों में साथ काम किया, जिनमें से 20 सुपरहिट रहीं। सलीम-जावेद को अब तक के सबसे सफल पटकथा लेखक के रूप में वर्णित किया जाता है। सलीम-जावेद ने हिंदी सिनेमा की भाषा बदली। 'एंग्री यंग मैन' युग लाए, अमिताभ बच्चन को स्टार बनाया। सबसे खास बात यह है कि वे भारतीय सिनेमा के पहले ऐसे लेखक थे, जिन्होंने सिर्फ लेखक के रूप में स्टार का दर्जा हासिल किया।

***हाथी मेरे साथी हुई जबरदस्त हिट :*** *वह फिल्म थी 'हाथी मेरे साथी' (1971), जो जबरदस्त हिट हुई। इस सफलता ने सलीम-जावेद को एक विश्वसनीय पटकथा लेखक के रूप में स्थापित किया और बड़े अवसरों के द्वार खोल दिए। 'हाथी मेरे साथी' की सफलता के बाद जी.पी. सिप्पी ने उन्हें सिप्पी फिल्म्स के लिए रेजिडेंट स्क्रीनराइटर के रूप में हायर किया। उनकी पहली बड़ी सफलता अंदाज (1971) थी, उसके बाद अधिकार, हाथी मेरे साथी और सीता और गीता (1972) आईं।*

### खबर संक्षेप

## सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पुटपुरा (गांजरपारा) में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह गांव की महिलाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर सजे कलश धारण कर पूरे ग्राम में शोभायात्रा निकाली। भजन-कीर्तन, शंखनाद और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा कथा स्थल गोजर पारा से प्रारंभ होकर ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः पंडाल पहुंची, जहां विधि-विधान से वेदी पूजन एवं भागवत महात्म्य के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कथा वाचन आचार्य राधेश्याम शास्त्री के श्रीमुख से किया जा रहा है। प्रथम दिवस उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और भक्ति मार्ग से ही आत्मकल्याण संभव है। यह सात दिवसीय धार्मिक आयोजन 25 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन महिला सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम पुटपुरा (गांजरपारा) द्वारा किया जा रहा है।

## कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय सलाहकार परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकार परामर्शदात्री समिति की बैठक शुक्रवार 20 फरवरी को आयोजित की जाएगी। बैठक में पिछली परामर्शदात्री समिति की बैठक की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन, जिले में बैंकिंग गतिविधि पर चर्चा, राष्ट्रीय मापदंडों की समीक्षा, वार्षिक साख योजना 2025-26 लक्ष्य एवं प्रगति पर चर्चा, शासकीय योजनान्तर्गत ऋण वितरण पर चर्चा, किसान क्रेडिट कार्ड पर चर्चा, किसानों की आय वृद्धि करने पर चर्चा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की समीक्षा, इनऑपरेटिव बैंक अकाउंट्स तथा डीईए फंड को ऑपरेटिव कराने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## ऑल इंडिया कांग्रेस सोशल ऑर्गेनाइजेशन विधानसभा पामगढ़ के अध्यक्ष बने टिकेश्वर

**पामगढ़।** ऑल इंडिया कांग्रेस सोशल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा संघठनात्मक विस्तार के तहत विधानसभा पामगढ़ में विधानसभा अध्यक्ष के पद पर टिकेश्वर जांगडे को नियुक्त किया गया है। यह मनोनयन ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहम्मद रियाज द्वारा किया गया है। नियुक्ति के बाद जांगड़े ने कहा कि वह किसानों,ग्रामीणों व सभी आमजन के हितों के लिए प्रतिबद्ध हैं और संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को निष्ठा से निभाएंगे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह निर्णय संगठन की मजबूती और क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। टिकेश्वर जांगड़े की नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेसी लव तिवारी, संतोष गुप्ता,मनोज खरे, हरप्रसाद साहू ,राजवर्धन सिंह,द्वारिका यादव ,शशि प्रताप टांडे, अश्वनी बंजारे, ललित नायक, रामायण पटेल,योगेश्वर सिंह, सुरेन्द्र यादव, राजू नायक,लोमश गुप्ता, मनीष बंजारे, पंकज टांडे, उदय हरवंश ने हर्ष व्यक्त किया है।



## तम्बाकू उत्पाद के दुष्प्रभाव से बच्चों को कराया अवगत



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आमानारा (हरदी) में तम्बाकू उत्पाद के दुष्प्रभाव पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। 16 फरवरी को एक दिवसीय कार्यशाला में तम्बाकू उत्पाद के दुष्प्रभाव की प्राप्त जानकारी के आधार पर संस्था के शिक्षक नरेन्द्र राठौर के द्वारा स्कूली बच्चों को कोटपा एक्ट 2003 के धारा 4 व धारा 6 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल के 100 गज के अंदर में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री अपराध है। साथ ही 18 वर्ष से कम आयु वर्ग को तम्बाकू पदार्थ बेचना प्रतिबंधित है। सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान करना अपराध है इसे विद्यालय स्तर पर सख्ती से लागू करने के लिए शिक्षकों की भूमिका अहम है। इसलिए प्रार्थना के पश्चात तम्बाकू उत्पाद के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता लाने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को तम्बाकू उत्पाद के दुष्प्रभाव तथा इसके नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक नरेन्द्र राठौर के द्वारा स्कूल के प्रवेश द्वार एवं अहाता में धूम्रपान रहित क्षेत्र का नोटिस चस्पा कर विद्यालय एवं आसपास को पूर्ण रूप से तम्बाकू मुक्त बनाने का महती प्रयास किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक संतोष तिवारी, शिक्षक आलोक गढ़ेवाल, अभिभावक, रसोईया लता, कविता, राजकुमार उपस्थित रहे।

### प्रतिदिन देनी होगी 20 हजार क्षतिपूर्ति, सक्ती जिले के मसनियाखुर्द का मामला

# गांव में बनाया राखड़ पहाड़, पर्यावरण मंडल ने आरकेएम पर ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के मसनियाखुर्द गांव में अवैध रुप से राखड़ डंप करने के मामले में हुई जांच के उपरांत पर्यावरण मंडल ने आरकेएम पावर प्लांट पर जुर्माना ठोका है। साथ ही सुधार करने के आदेश भी दिए है। आदेश के मुताबिक आरकेएम प्रबंधन को प्रतिदिन 20 हजार रुपए के हिसाब से क्षतिपूर्ति की राशि देनी होगी।

ग्राम पंचायत मसानियाकला के आश्रित ग्राम मसानियाखुर्द में अवैध राखड़ डंपिंग की शिकायत पाए जाने पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही की गई है। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम को इस पर तत्काल एक्शन लेने के निर्देश दिए गए। जिसके तहत सक्ती एसडीएम श्री सोम द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से संपर्क कर नियमानुसार जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि उक्त स्थल पर भूमि तल से ऊपर स्तर तक फ्लाई ऐश का डंप किया गया, जबकि डंपिंग स्थल के चारों ओर बण्ड (घेरा) का निर्माण नहीं किया गया, डंप की गई फ्लाई ऐश का समतलीकरण नहीं किया गया तथा उसके ऊपर मिट्टी की परत नहीं बिछाई गई, डंपिंग स्थल के समीप स्थित अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम की बाउंड्रीवाल का कुछ हिस्सा राखड़ परिवहन के दौरान वाहन से क्षतिग्रस्त पाया गया, वर्षा जल निकासी की कोई व्यवस्था स्थल पर नहीं पाई गई। अतः जांच दल द्वारा यह पाया गया कि मेसर्स आरकेएम पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया कार्य फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन के संबंध में जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की शर्तों तथा भारत सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना के प्रावधानों का उल्लंघन है। अतः जांच दल द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार पत्र जारी होने की तिथि से नियमानुसार कार्य पूर्ण होने तक उद्योग पर 20 हजार रुपये प्रतिदिन की दर से पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। साथ ही उद्योग प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि संबंधित भू-भराव स्थल पर नियमानुसार सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कर पूर्णता की सूचना कार्यालय को दें। निर्देशों का पालन नहीं करने की स्थिति में अधिरोपित पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उद्योग प्रबंधन की होगी। उक्त स्थल पर संबंधित उद्योग द्वारा तेजी से सुधारात्मक कार्यवाही की जा रही है।



गांव में अवैध रुप से डंप राखड़।






कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियो को निर्देश देते जिला पंचायत सीईओ।

## बालकों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता अपनाते हुए प्रदान करें संरक्षण : जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत विशेष किशोर पुलिस इकाई हेतु क्षमतावर्धन कार्यशाला आयोजित

जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग सक्ती द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 संशोधित अधिनियम 2021, नियम 2016 के अंतर्गत नवगठित विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स (शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड लाइन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई) के नव नियुक्त कर्मचारियों हेतु क्षमतावर्धन कार्यशाला का कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम का उद्देश्य बालकों को दंडित करना नहीं, बल्कि उनका सुधार, पुनर्वास एवं संरक्षण सुनिश्चित करना है। उन्होंने पुलिस एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि बालकों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्हें मार्गदर्शन एवं संरक्षण प्रदान किया जाए। साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बाल संरक्षण कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कार्यशाला में जिले में बालकों से संबंधित विभिन्न कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लागू करते समय सदभावपूर्ण परिस्थितियों का निर्माण एवं विभिन्न योजनाओं के समन्वय को सुनिश्चित करने हेतु उन्हें बाल सुलभ एवं सम्मानजनक वातावरण प्रदान किए जाने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही विशेष किशोर पुलिस इकाई द्वारा अपनाई जाने वाली कार्यवाही की प्रक्रिया, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुति एवं समन्वय के बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुधाकर बोदले, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदिनी बाघ द्विवेदी, पुलिस अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घायलों की मदद करने पर एम्बुलेंस संचालक को पुलिस ने किया सम्मानित


**अकलतरा।** समाज सेवा और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाले मां कर्मा एंबुलेंस के संचालक पारस साहू को पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के माध्यम से प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान घायल व्यक्तियों की मदद कर उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाने तथा पुलिस को सूचना देने जैसे सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया।पारस साहू ने दुर्घटना में घायल लोगों की तत्परता से सहायता करते हुए अपने एंबूलेंस से उन्हें अस्पताल पहुंचाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। इस मानवीय पहल को पुलिस विभाग ने एक जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्य का श्रेष्ठ उदाहरण बताया।पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रशंसा-पत्र में उल्लेख किया गया कि इस प्रकार की सक्रियता समाज में सकारात्मक संदेश देती है और अन्य लोगों को भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित करती है। साथ ही भविष्य में भी इसी तरह सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।स्थानीय लोगों ने भी इसे प्रेरणादायक कदम बताते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं और नागरिक-पुलिस संबंधों को और सुदृढ़ बनाते हैं।



## भजन-महाआरती से गूंजा पारसनाथ धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पारसनाथ धाम स्थित पसाही नाला मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन समिति द्वारा यहां भजन संध्या और दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव की आराधना की।भजन संध्या के दौरान प्रसिद्ध भजन गायक घनश्याम गंधर्व एवं उनके साथियों ने शिव भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मधुर संगीत और भक्ति गीतों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर होकर भजनों का आनंद लेते रहे।कार्यक्रम में त्रिवेणी संगम राजिम से आए आचार्य पंडित सौरभ मिश्रा एवं उनकी टीम ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करवाई। इसके बाद भगवान शिव की भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ सहभागिता कर "ॐ जय शिव ओंकारा" के जयघोष लगाए।आयोजन समिति के अनुसार पारसनाथ धाम क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। हर वर्ष महाशिवरात्रि पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और शिवलिंग पर जल अर्पित कर पूजा-अर्चना करते हैं। पिछले चार वर्षों से यहां काशी की गंगा आरती की तर्ज पर विशेष महाआरती का आयोजन भी किया जा रहा है।



महा आरती करते श्रद्धालु।

## पकरिया में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर कल

**तनौद।** ग्राम पंचायत पकरिया में शनिवार 21 फरवरी को सुबह 10 बजे से रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा रक्तदान शिविर के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान अतिथियों का सम्मान एवं स्वागत भी किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सत्यमोहन लाल साहू एवं सत्य पुरूषोत्तमलाल जुटे हुए है। शिविर में अध्यक्ष सदगति सेवा संस्थान की भी सहभागिता रहेगी। साथ ही साथ स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरण किया जाएगा।

## ममता दिव्या मानस परिवार बोरदा ने जीता फाइनल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

■ बोरसी में आयोजित अखंड नवधा रामायण का हुआ समापन

नवयुवक नवधा रामायण समीति एवं समस्त ग्रामवासी सहयोगी जनों द्वारा अखंड नवधा रामायण समलाई चौक स्कूल पारा बोरसी में आयोजित मानस गायन प्रतियोगिता में 17 मानस मंडली को चयनित किया गया था। जिसमें 14 करनौद, नगझर, बोरदा सक्ती, बिरगहनी, सेंदूरस, दर्राभाठा, केरा, कोरबा, उदयभाठा, परसापाली, करही, बसना और पेंड्री से मानस गायन मंडलियां शामिल हुई।

अपने गायन, वादन,वाद्ययंत्र और प्रवचन के माध्यम से ममता दिव्या मानस परिवार बोरदा ने प्रथम विजेता होने का गौरव हासिल किया। जिन्हें प्रथम पुरस्कार 15000 रूपए प्रदान किया गया। द्वितीय जीवन ज्योति मानस मंडली सेंदूरस , तृतीय बिरगहनी, चतुर्थ केरा , पंचम दर्राभाठा, षष्ठम नगझर , सप्तम करनौद सहित सभी को नगद राशि से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में आचार्य पं जितेन्द्र तिवारी, सरपंच दिनेश कुमार चंद्रा, छेरका राम चंद्रा, रसिया राम चंद्रा, रमेश कुमार चंद्रा,खोलबहरा चंद्रा, लीलाराम चंद्रा, संतोष कुमार चंद्रा, अर्जून लाल चंद्रा,सुनील कुमार चंद्रा, सीताराम लाला चंद्रा, लखेश्वर चंद्रा शामिल हुए। अखंड नवधा रामायण में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति मोहन कुमारी साहू, गुलाबुद्दीन खां, कमलेश कुमार कश्यप,एकादशिया साहू, सुनील चंद्रा,भाजपा युवा नेता भुवन लाल साहू, पंचराम कश्यप, लोकपाल देवांगन, सौखीलाल पटेल सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन रमेश कुमार चंद्रा, शिवकुमार चंद्रा, कुलंजन चंद्रा और डॉ सूर्यकांत चंद्रा ने की। यज्ञ हवन पूर्णाहुति सहस्त्रधारा के साथ अखंड नवधा रामायण का समापन हुआ।



विजेता मानस मंडली को सम्मानित करते अतिथि।

## निजी जमीन पर बने मकान को तोड़ने पटवारी बना रहा दबाव, हुई शिकायत

**जांजगीर-चांपा।** निजी भूमि पर बने मकान के कुछ हिस्से को तोड़ने के लिए पटवारी द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। इसे लेकर वृद्ध ने वित्त मंत्री, कलेक्टर, तहसीलदार व थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्रवाई करने मांग की है। उनका कहना है कि उनके मकान को किसी प्रकार की क्षतिग्रस्त किया जाता है तो वे आत्मदाह करने के लिए विवश होंगे। अधिकारियों को सौंपे शिकायत पत्र के माध्यम से ग्राम सलखन निवासी सरहू कश्यप उम्र 85 वर्ष पिता स्व. रतन कश्यप ने बताया कि ग्राम के ढेला राम कश्यप के द्वारा अपने निजी जमीन जिसका खसरा नंबर 3365/2 रकबा 0.04 एकड़ है के सामने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाने के संबंध में न्यायालय शिवरीनारायण को 14 जून 2021 को आवेदन किया था, जिसमें हल्का पटवारी के द्वारा मौका जांच कर प्रतिवेदन में उक्त भूमि के सामने कोई अवैध कब्जा नहीं पाया गया था। मेरे निजी भूमि जिसका खसरा नंबर 3395/1 रकबा 0.04 एकड़ है जहां मैंने 35-40 साल पूर्व से मकान निर्माण किया है और निवास कर रहा हूँ, उसी मकान में से रकबा 0.002 हेक्टेयर भूमि को 28 अगस्त 2025 को सलखन के हल्का पटवारी के द्वारा बिना राजस्व रिकार्ड की जांच पड़ताल किए तोड़ने के लिए 20 जनवरी 2026 को मुझे बिना नोटिस दिए व मुझ पर मकान तोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है।

## वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक में विविध कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**अकलतरा।** वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक कार्यालय कक्ष में विधिवत सरस्वती वंदना के साथ संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान ने हारमोनियम वादन के साथ गुरु वंदना और भजन प्रस्तुत कर की, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक भाव से सराबोर हो गया।बैठक में मंच के वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र कुमार जैन तथा नए सदस्य सुशील जैन का जन्मदिन मनाया गया। दोनों को श्रीफल भेंट कर तिलक लगाया गया और उनके सुख, शांति एवं आरोग्य की कामना की गई। बैठक में गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने वाले युवा अविनाश सिंह का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान धनाराम साहु ने छत्तीसगढ़ की राजभाषा का सस्वर पाठ किया। आध्यात्मिक परिचर्चा में "माया" विषय पर आर.सी. मिश्र ने अपने विचार रखे, वहीं रामेन्द्र सिंह चौहान ने रामचरितमानस की चौपाइयों का उल्लेख करते हुए उनका भावार्थ समझाया। वीरेंद्र जैन और दशरथ नामदेव ने आध्यात्मिक गीत और कविता प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। सम्मानित युववक अविनाश सिंह ने मंच की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी है और अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़कर जीवन के अंतिम पड़ाव को तनावमुक्त और आनंदपूर्ण बनाना चाहिए। उन्होंने सम्मान के लिए मंच के प्रति आभार भी व्यक्त किया।कार्यक्रम में रामभरोस कैवर्त ,घनश्याम राजवाड़े,डॉ. जी.पी. दीक्षित, ठाकुर राम सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।







